ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 13

Subject : Hindi Text 2nd Term **Class : IIB** **Date : 11.06.2020**

Topic : हमारा तिरंगा झंडा

वाक्य पूरा करे :

1. तिरंगा झंडा तीन रंगो की पट्टियों से मिलकर बना है।
2. प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले पर तिरंगा झंडा फहराते है।
3. केसरिया रंग वीरता और बलिदान की याद दिलाता है।
4. पुराने समय में वीर सैनिक केसरिया बाना पहनकर ही युद्ध करने जाते थे।
5. झंडे के बीच की पट्टी सफेद है।
6. सफेद रंग सच्चाई और पवित्रता के साथ-साथ शांति का भी प्रतीक है।
7. सबसे नीचे की पट्टी गहरे हरे रंग की है।
8. अधिक अन्न उगाकर देश की धरती को हरा भरा बनाया जा सकता हैं।
9. सफेद पट्टी के बीचों बीच नीले रंग का चक्र भी है।
10. चक्र हमें प्रगति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

जोड़ी मिलाओ :

11.	प्रतीक	चिह्न
12.	खुशहाली	तरक्की
13.	स्तंभ	खंभा
14.	पवित्रता	शुद्धता
15.	वीरता	बहादुरी

नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखे :

16. हमारे देश के प्रधानमंत्री कौन है?
उत्तर हमारे देश के प्रधानमंत्री का नाम नरेन्द्र दामोदर दास मोदी हैं।
17. हमारे देश राष्ट्रपति कौन है?
उत्तर हमारे देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द है।
18. छब्बीस जनवरी को परेड की सलामी कौन लेता है?
उत्तर छब्बीस जनवरी की परेड की सलामी हमारे राष्ट्रपति लेते है।
19. पंद्रह अगस्त को लाल किले पर झंडा कौन फहराता है?
उत्तर पंद्रह अगस्त को लाल किले पर झंडा हमारे प्रधानमंत्री फहराते है।
20. ध्वज़ को फहराते समय किन बातो का ध्यान रखना चाहिए?
उत्तर ध्वज़ को फहराते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए :

- केसरिया रंग की पट्टी सदा ऊपर रहनी चाहिए।
- इसे अन्य झंडों से ऊँचा रखकर फहराना चाहिए।
- संध्या के समय इसे उतार लेना चाहिए।
- इसे कभी भी फटी हुई दशा में नहीं फहराना चाहिए।

Sangeeta Khosla